**प्रेसविज्ञप्ति** **27.07.2023**

# 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

बैंक का वैश्विक कारोबार **रुपए 11 लाख करोड़** पार
निवल लाभ में **41%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि
परिचालन लाभ में **16%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

## मुख्य बातें (जून 2022 के सापेक्ष जून 2023 को समाप्त तिमाही)

- जून 2022 में रु. 1213 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में, निवल लाभ 41% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. 1709 करोड़ रहा।
- जून 2022 में रु. 1345 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में कर लगाने के पूर्व लाभ वर्ष-दर-वर्ष 78% बढ़कर रु. 2394 करोड़ रहा।
- जून 2022 में रु. 3564 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में, परिचालन लाभ 16% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. 4135 करोड़ रहा।
- जून 2022 में रु. 4534 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में, निवल ब्याज आय 26% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. 5703 करोड़ रही।
- जून 2023 में फीस आधारित आय 7% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. 671 करोड़ हो गई।
- आय-लागत अनुपात जून 2023 में 44.22% रहा।
- घरेलू निवल ब्याज मार्जिन, जून 2022 में 3.10% के सापेक्ष जून 2023 में बढ़कर 3.61% हो गया।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) जून 2022 में 0.73% के सापेक्ष जून 2023 में बढ़कर 0.95% हो गया।
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) जून 2022 में 14.18% के सापेक्ष जून 2023 में बढ़कर 17.88% हो गया।
- जून 2022 में रु. 1009454 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में कुल कारोबार, वर्ष-दर-वर्ष 9% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 1100943 करोड़ हो गया।
- जून 2022 में रु. 425203 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में, अग्रिम 13% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. 479404 करोड़ रहा।
- जून 2022 में रु. 244247 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम 13% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु. 276435 करोड़ हो गया।
- सकल घरेलू अग्रिमों में खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM) का योगदान 61% है। खुदरा एवं कृषि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 16% की वृद्धि हुई जबकि एमएसएमई अग्रिमों में 7% की वृद्धि हुई। आवास ऋण (बंधक सहित) में 14% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि, ऑटो-ऋण में 29% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि और वैयक्तिक ऋण में 52% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।
- जून 2023 में जमाएँ वर्ष-दर-वर्ष 6% बढ़कर रु. 621539 करोड़ रही।

- जून 2023 में कासा जमा वर्ष-दर-वर्ष 5% बढ़कर रु. 250242 करोड़ रहा। कुल जमा में कासा का शेयर 40% रहा।
- जून 2022 के दौरान 8.13% के सापेक्ष, जून 2023 में सकल गैर निष्पादक आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष 266 बीपीएस की कमी आने से यह 5.47% रही, निवल गैर निष्पादक आस्तियों में जून 2022 के दौरान 2.12% के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष 142 बीपीएस की कमी आने से यह 0.70% रही।
- जून 2022 में 88.08% के सापेक्ष, प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडबल्यूओ सहित) में वर्ष-दर-वर्ष 702 बीपीएस वृद्धि होने से यह 95.10% रहा।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15.78% रहा। सीईटी-। एवं टियर । पूंजी क्रमश: 12.31% एवं 12.88% रहे।

## मुख्य बातें (मार्च 2023 के सापेक्ष जून 2023 को समाप्त तिमाही)

- मार्च 2023 में रु. 1447 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में निवल लाभ तिमाही-दर-तिमाही 18% बढ़कर रु. 1709 करोड़ हो गया।
- मार्च 2023 में रु. 1452 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में कर लगाने के पूर्व लाभ तिमाही-दर-तिमाही 65% बढ़कर रु. 2394 करोड़ रहा।
- मार्च 2023 में रु. 4016 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में परिचालन लाभ रु. 4135 करोड़ हो गया।
- मार्च 2023 में रु. 5508 करोड़ के सापेक्ष जून 2023 में निवल ब्याज आय रु. 5703 करोड़ रही।
- जून 2023 में आस्तियों पर प्रतिलाभ (ROA) तिमाही-दर-तिमाही 13 बीपीएस बढ़कर 0.95% रहा।
- जून 2023 में  इक्विटी पर प्रतिलाभ (ROE) तिमाही-दर-तिमाही बढ़कर 240 बीपीएस बढ़कर 17.88% रहा।
- जून 2023 में आय लागत अनुपात तिमाही-दर-तिमाही 225 बीपीएस बढ़कर  44.22% रहा।
- जून 2023 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र पोर्टफोलियो, रु. 160863 करोड़ रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की 40% की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष 44% है।

## नेटवर्क

- बैंक की 3 डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) सहित 5798 शाखाएँ हैं जिनमें से 1970 ग्रामीण शाखाएँ हैं, 1517 अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, 1168 शहरी शाखाएँ हैं एवं 1143 मेट्रो शाखाएँ हैं। बैंक की 3 ओवरसीज़ विदेशी शाखाएँ एवं 1 आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) है।
- बैंक के 4804 एटीएम व बीएनए हैं एवं कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी) की संख्या 10805 हैं।

## डिजिटल बैंकिंग

- वित्तीय वर्ष 2024 की प्रथम तिमाही के दौरान एटीएम, बीएनए और डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेनदेन में वर्ष दर वर्ष 7% की वृद्धि हुई।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में वर्ष दर वर्ष 36% की वृद्धि हुई।
- यूपीआई उपयोगकर्ताओं और लेनदेन में क्रमशः वर्ष दर वर्ष 33% और 85% की वृद्धि हुई।
- वित्तीय वर्ष 2024 की प्रथम तिमाही के दौरान, बैंक ने अपने डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन कार्यक्रम के तहत अनेक डिजिटल प्रक्रियाओं की शुरुआत की है।

## पुरस्कार एवं सम्मान

- अटल पेंशन योजना (एपीवाई) योजना के नामांकन में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए बैंक को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए :
    - एपीवाई लीडरशिप पिनेकल एक्सेम्प्लरी अवार्ड ऑफ पार एक्सीलेंस (बैंकों के एमडी और सीईओ के लिए अभियान): इंडियन बैंक 181.95% का लक्ष्य प्राप्त करते हुए सभी पीएसबी में सर्वोच्च स्थान पर रहा।
    - प्रायोजक बैंकों और आरआरबी के लिए एपीवाई राष्ट्रीय चैंपियनशिप कप: हमारा बैंक सभी टीमों में से दूसरे स्थान पर रहा और हमने एपीवाई चैम्पियनशिप एक्सेम्प्लरी अवार्ड के साथ एपीवाई चैम्पियनशिप ट्रॉफी ऑफ पार एक्सीलेंस भी प्राप्त किया।

## हमारा फोकस

हम डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर, विशेष रूप से निर्मित / अनुकूलित अनुभव प्रदान करते हुए और ग्राहकों की समस्याओं का सक्रिय रूप से समाधान प्रदान करते हुए, ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। निरंतर स्टाफ प्रशिक्षण और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से, हम विश्वास बनाने, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और व्यक्तियों और व्यवसायों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।